## खबर संक्षेप

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दोस्त गंभीर

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया में तेज रफ्तार वाहन वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक अपने दोस्त दोस्त के फर्रुखनगर आया था। हादसे में युवक का दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार झज्जर जिले के गांव रईया निवासी नितिन अपनी बाइक पर दोस्त दीपक के साथ फर्रुखनगर आया था। वापसी के दौरान सुबह 9 बजे सिसोदिया ढाबा के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सडक़ पर गिर पड़े। नितिन को छाती और पैरों में गंभीर चोटें आई। राहगीरों ने दोनों को सीएचसी फर्रुखनगर पहुंचाया। डॉक्टरों ने नितिन को मृत घोषित कर दिया। वहीं वहीं दीपक को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक रेफर किया गया है।

### सांड ने बाइक में मारी टक्कर, युवक गंभीर

**फरीदाबाद।** दो सांडों की लड़ाई में दो बाइक सवार युवक चपेट में आ गए। जिनमें से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल युवक को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रतापगढ़ पार्ट 2 का रहने वाला बबलू अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर रविवार की शाम को करीब 6 बजे किसी काम से बाजार जा रहा था। जब वह रामनगर में मेट्रो फ्लैट के पास पहुंचा तो वहां पर पहले से आपस में लड़ रहे दो सांडों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

सीसीटीवी से की जा रही निगरानी, हटवाने की मांग को लेकर आएंगे राजस्थानी प्रतिनिधि

# रैंप पर पुलिस का पहरा, प्रतिनिधिमंडल की प्रशासन से मीटिंग आज, बेनतीजा रहने पर फिर महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

धारूहेड़ा के सोहना रोड पर बनाए गए रैंप को हटवाने की मांग को लेकर राजस्थान का एक प्रतिनिधिमंडल 15 जुलाई को प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत करने के लिए पहुंचेगा। प्रतिनिधिमंडल की मांग रैंप हटवाने की है, जिस पर सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर राजस्थान में 20 जुलाई को फिर से महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन रैंप बरकरार रखने के प्रति पूरी तरह सजग है। इसकी सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, जबकि पुलिसबल लगातार तैनात है। बीते रविवार को राजस्थान के सीमावर्ती गांवों के लोगों ने अलवर तिराहा के पास महापंचायत का आयोजन किया था। इसे देखते हुए सोहना नेशनल हाइवे पर बने रैंप के आसपास भारी पुलिसबल की तैनाती की गई थी। एसडीएम सुरेंद्र सिंह और डीएसपी डा. रविंद्र कुमार मौके पर मौजूद रहे थे। पुलिस ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए वाटर कैनन और जेसीबी मशीनों के साथ दंगा नियंत्रण वाहन भी तैनात कर दिए थे। राजस्थान की ओर से महापंचायत में पूर्व विधायक मामन खान, संदीप व इमरान खान आदि ने हिस्सा लिया था। एसडीएम के साथ बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया था कि एक प्रतिनिधिमंडल 15 जुलाई को जिला प्रशासन से बातचीत के लिए आ सकता है। इस सहमति के बाद महापंचायत में शामिल होने वाले लोग वहां से चले गए थे। अब 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर रैंप हटवाने की मांग दोहराएगा। महापंचायत से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर रेवाड़ी जिला प्रशासन ने प्रतिनिधिमंडल को संतुष्ट नहीं किया, तो 20 जुलाई को एक बार फिर से महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रैंप को तोड़ने की रणनीति पर विचार किया जाएगा। रैंप को रात के समय तोड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिसबल तैनात किया हुआ है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।

■ रैंप हटवाने की मांग कर रहा राजस्थान



रेवाड़ी। भिवाड़ी-धारूहेड़ा बार्डर पर जमा पानी।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा के रैंप पर तैनात पुलिस बल।

### दोनों राज्य स्थायी समाधान के लिए प्रयासरत



दोनों राज्य पानी की समस्या के स्थाई समाधान को लेकर गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं। पानी की समस्या का हल निकलने के बाद एक न एक दिन रैंप तो हटाना ही होगा। राजस्थानी प्रतिनिधिमंडल के साथ इस विषय में बात की जाएगी। पानी की समस्या का हल निकाले बिना रैंप नहीं हटाया जा सकता।

-**अभिषेक मीणा**, डीसी, रेवाड़ी

### एक दशक से केमिकलयुक्त पानी का दंश झेल रहा धारूहेड़ा

एक दशक से भी ज्यादा समय से धारूहेड़ा व आसपास के गांवों के लोगों ने भिवाड़ी औद्योगिक एरिया से बरसात की आड़ में छोड़े जाने वाले केमिकलयुक्त पानी का दंश झेला है। लगभग दो साल पहले तत्कालीन सीएम मनोहरलाल के निर्देश पर धारूहेड़ा की सीमा में नगर पालिका ने 7 लाख रुपये की लागत से रैंप का निर्माण कराया था। इसके बाद धारूहेड़ा के लोगों को दूषित पानी से राहत मिल गई, लेकिन राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों के लोगों के लिए यह पानी आफत बन गया। काफी समय सोहना रोड पानी एकत्रित होने के कारण लगभग बंद पड़ा हुआ है। वहीं राजस्थान के पानी की समस्या का स्थाई समाधान ढूंढने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कई साल तक भरसक प्रयास किए थे। कई बार दोनों राज्यों के शीर्ष अधिकारियों की बैठकें कराई गई, परंतु समाधान नहीं निकला।

### अब किया जा रहा साफ पानी का दावा

राजस्थान के अधिकारियों से लेकर आम लोगों तक का कहना है कि उद्योगों से निकलने वाले दूषित पानी पर रोक लग चुकी है। अब बरसात का साफ पानी ही इस रास्ते से आता है, जो रैंप के कारण आसपास की कॉलोनियों में घुस जाता है। पानी का बहाव इस दिशा में होने के कारण बरसाती पानी को नियमानुसार रैंप बनाकर रोका नहीं जा सकता। दूसरी ओर धारूहेड़ा नपा चेयरमैन का कहना है कि रैंप हटते ही धारूहेड़ा के दो सेक्टरों से लेकर एनएचएआई तक पानी पहुंच जाएगा, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## कार चालक ने बाइक पर कार चढ़ाई, वीडियो वायरल

**गन्नौर।** बीएसटी फ्लाईओवर के पास एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जिसका सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि सर्विस रोड पर एक कार ने पहले बाइक सवार को टक्कर मारी। इसके बाद दोनों वाहन चालक आपस में भिड़ गए। फुटेज में साफ नजर आ रहा है कि टक्कर के बाद बाइक सवार और कार चालक ने एक-दूसरे से कहासुनी की। इस बीच बाइक सवार युवक ने कार चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर कार चालक गुस्से में अपनी कार में बैठा और बाइक सवार अपनी गिरी हुई बाइक उठाने लगा। तभी कार चालक ने तैश में आकर अपनी कार को बाइक पर चढ़ा दिया। बाइक सवार युवक चोटिल हो गया, लेकिन कार चालक यही नहीं रुका। उसने तीन से चार बार कार को बाइक पर चढ़ाया और फिर मौके से फरार हो गया। यह पूरी घटना बीते शनिवार की बताई जा रही है। फिलहाल इस मामले में थाना गन्नौर में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है और न ही दोनों युवकों की पहचान हो पाई है।

## बारिश के कारण मिट्टी धंसी नीचे दबने से मजदूर की मौत

**रेवाड़ी।** थाना खोल अंतर्गत गांव अहरोद में सोमवार दोपहर बारिश के कारण मिट्टी धंसने से ट्यूबवेल पर काम कर रहे मजदूर की दबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। मास्टर लक्ष्मण सिंह के ट्यूबवेल पर भांडोर निवासी ठेकेदार रामकिशन लेबर से बोरवल के पाइपों के जोड़ लगवा रहा था। यूपी के तकतपुर का रहने वाला 26 वर्षीय शिवचंद्र ठेकेदार के पास लेबर के रूप में कार्य कर रहा था। पाइपों के जोड़ लगाते समय बारिश के कारण मिट्टी धंस गई। शिवचंद मिट्टी के नीचे दब गया। इसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने शिवचंद्र को मिट्टी से बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए। कुछ देर बाद उसे मिट्टी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव गृह में रखवा दिया। पोस्टमार्टम के लिए मृतक के परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा था।

## हरियाणवी सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग, हमले में बाल-बाल बचे

**गुरुग्राम।** 2025 में गुरुग्राम लोकसभा सीट पर अभिनेता राजबब्बर व राव इंद्रजीत सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हरियाणवीं सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर सोमवार को गुरुग्राम में कार सवार बदमाशों ने पीछा कर सिद्धू मुसेवाला की स्टाइल में फायरिंग की। फायरिंग में फाजिलपुरिया बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची परंतु तब तक फाजिलपुरिया वहां से जा चुके थे। अब पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी खंगाकर बदमाशों का पता लगाने में जुट गई। अभी तक फायरिंग के कारणों का तो खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार राहुल फाजिलपुरिया अपने गांव फाजिलपुर से सफेद रंग की थार में जा रहे थे। इसी दौरान गुरुग्राम के साउदर्नन पेंरिफेरल रोड से गुजरते समय टाटा पंच में सवार बदमाशों ने उनका पीछा शुरू कर दिया। बदमाश उनकी गाड़ी के पास पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। जैसे ही फाजिलपुरिया को गोलियों की आवाज सुनी तो उन्होंने अपनी गाड़ी तो तेज दौड़ा लिया। सिंगर राहुल फाजिलपुरिया को विवादों से पुराना नाता रहा है, परंतु गुरुग्राम में अभिनेता राजबब्बर व अहीरवाल के दिग्गज राव इंद्रजीत सिंह के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने से एकाएक चर्चाओं में आ गए। इतना ही नहीं एल्विश यादव के साथ सांपों के जहर के अवैध व्यापार मामले में भी नाम जुड़ा था। जिसके बाद उनसे ईडी ने भी पूछताछ की थी। अब फायरिंग के बाद एक बार फिर राहुल फाजिलपुरिया का नाम सभी की जुबां पर ताजा हो गया है।



■ सिद्धू मुसेवाला स्टाइल में हुई फायरिंग, राजबब्बर व राव इंद्रजीत सिंह के खिलाफ लड़ चुके लोकसभा चुनाव

कैनोपी लगाकर मजदूरों को फ्री में सिमकार्ड देने का देते लालच

## साइबर ठगों को एक्टिवेट सिम बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

■ आरोपियों से दो मोबाइल फोन, 84 सिम और बायोमेट्रिक मशीन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने साइबर ठगों को एक्टिवेट सिम बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कैनोपी लगाकर फ्री में सिमकार्ड देने का लालच देते और उसकी बायोमैट्रिक सत्यापन करके सिमकार्ड एक्टिवेट कर साइबर ठगों को बेच देते थे।

पुलिस ने आरोपियों से दो मोबाइल, 84 सिमकार्ड और बायोमेट्रिक मशीन बरामद किए हैं। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दरअसल, साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने तकनीकी व प्रणाली का प्रयोग करते हुए दो आरोपियों को सेक्टर-57 एरिया से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान भरतपुर (राजस्थान) के सांवलेर निवासी सकील (22 वर्ष) और मोहिन (19 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर ऐसी जगह ढूढते जहां लेबर व मजदूर काम करते है। वहां पर कैनोपी लगाकर फ्री में सिमकार्ड देने का लालच देते हैं।

इसके पास जब कोई व्यक्ति सिमकार्ड लेने आता तो ये उसकी बायोमैट्रिक सत्यापन करके सिमकार्ड एक्टिवेट कर देते थे और उस व्यक्ति को वह एक्टिव सिमकार्ड न देकर अन्य सिमकार्ड दे देते थे। एक्टिवेट सिमकार्ड को अपने पास रख लेते थे। एक्टिव किए गए सिमकार्ड को उनका अन्य साथी साइबर ठगी करने वाले लोगों को बेच देता था।

### एक सिम कार्ड के 2000 रुपये लेते थे

आरोपियों ने बताया कि धोखाधड़ी करके लोगों के नाम से सिमकार्ड एक्टिवेट करके साइबर ठगों के बेचने पर उनके खिलाफ साईबर क्राइम ईस्ट थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने करीब 15 सिमकार्ड राजस्थान के भरतपुर में ही साइबर अपराधियों को बेचे हैं। वे प्रति सिमकार्ड के लिए दो हजार रुपये लेते हैं। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है।

## मकान की छत पर चढ़ा नंदी



**तोशाम।** सोमवार सुबह तोशाम की पुरानी अनाज मंडी में नंदी एक मकान की छत पर चढ़ गया। नंदी को मकान की छत पर चढ़ा देख हर कोई दंग रह गया। जिसकी सूचना तोशाम की बाबा मुंगीपा गौशाला प्रधान सतपाल दूहन को दी गई सूचना पर गौशाला के कर्मचारी तथा गौरक्षा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद नदी को सकुशल नीचे उतारा गया। इससे पहले घरवालों ने नंदी के छत पर चढ़ने की सूचना बाबा मुंगीपा गौशाला तोशाम के प्रधान सतपाल दूहन को दी।

## हत्या के दोषियों को उम्रकैद व जुर्माना

**सोनीपत।** गन्नौर के बड़ी थाना क्षेत्र में घर से ड्यूटी पर जा रहे युवक की चाकू से वारकर हत्या करने के दो आरोपितों को सोमवार को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सिंह की अदालत ने दोषियों को उमर कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एचएसआइडीसी बड़ी के गेट नंबर दो के पास गांव बड़ी से ड्यूटी पर जा रहे गांव बड़ी के कुलदीप की 20 जून 2020 की सुबह चाकू से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक कंपनी में काम करते थे। पिता रविंद्र कुमार ने हत्या की वजह पुरानी रंजिश बताई है और गांव के ही दो युवकों रितिक व अतुल पर हत्या का आरोप लगाया था और थाना बड़ी की पुलिस को शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई करते अतुल व रितिक को सबूतों के साथ गिरफ्तार किया और अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। मामले में सुनवाई करते हुए न्यासधीस नरेंद्र की अदालत ने दोषी रितिक व अुतल को धारा 302 के तहत उमर कैद व 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

■ ड्यूटी पर जा रहे युवक को चाकुओं से गोदकर की थी हत्या

## निवेश का झांसा देकर ठगे 25 लाख

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने स्टॉक मार्केट में निवेश कराकर 25 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को अदालत में पेश करेगी। दरअसल, एक व्यक्ति ने 02 जुलाई को साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस में मुनाफा कराने का लालच देकर 25 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दी थी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में साइबर क्राइम वेस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार की टीम ने एक आरोपी को गुडगांव से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) के नरौरा निवासी अनिकेत वारक्षणे (28 वर्ष) के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में दिल्ली के लाजपत नगर-2 के एल-ब्लॉक में रहता है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि अनिकेत वारक्षणे वर्ष 2020-21 के दौरान निजी बैक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत था। इसी दौरान उसकी मुलाकात मामले में शिकायतकर्ता से हुई थी। आरोपी ने शिकायतकर्ता से म्यूचुअल फंड में निवेश करने का सुझाव दिया था। निवेश करने के बाद शिकायतकर्ता को म्यूचुअल फंड में मुनाफा भी हुआ था।

■ पुलिस ने आरोपी से मोबाइल बरामद किया

# रेवाड़ी में चोरों ने लगाई एटीएम में सेंध, कैश निकालने में असफल रहने पर लगा दी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

साबन रोड आरओबी के नीचे रविवार की रात चोर एक प्राइवेट कंपनी का एटीएम काटकर चोरी का प्रयास किया गया। चोरी करने में नाकाम रहने पर एटीएम मशीन को जला दिया गया। चोरी को लेकर पुलिस स्थिति साफ नहीं कर पाई थी। पुलिस व सीआईए की टीमों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। बावल कस्बा निवासी निकेश कुमार ने साबन रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के नीचे हिताची कंपनी का एटीएम लगाया हुआ है।

एटीएम बूथ को सुबह खोल दिया जाता है और शाम को बंद कर दिया जाता है, जिस कारण किसी गार्ड की तैनाती रात के समय नहीं रहती। रविवार की रात चोरों ने गैस कटर से एटीएम बूथ का शटर काटकर अंदर प्रवेश किया।

इसके बाद एटीएम काटकर कैश चोरी कर ले गए। एटीएम में लगभग 2 लाख रुपये कैश बताया जा रहा है। कैश का सही अनुमान लगाने के लिए एटीएम से निकासी का मिलान किया जा रहा है।

साथ ही एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान हो सके। पुलिस का दावा है कि चोर एटीएम से कैश निकालने में कामयाब नहीं हुए, जिस कारण मशीन को आग के हवाले कर दिया। एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि एटीएम में चोरी का प्रयास किया गया है, लेकिन चोर कैश निकालने में सफल नहीं हुए। पुलिस आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

■ प्राइवेट कंपनी के एटीएम बूथ पर वारदात, सीआईए व पुलिस ने शुरू की जांच



■ एटीएम बूथ पर गार्ड तैनात नहीं था

■ गैस कटर से शटर काटकर चोट अंदर घुसे

■ सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

■ एटीएम में दो लाख का कैश बताया जा रहा

### फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट जांच के लिए पहुंचे

सुबह जब आसपास के दुकानदारों ने एटीएम काटा हुआ देखा, तो इसकी सूचना पुलिस व निकेश को दी गई। सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में सीआईए धारूहेड़ा से एएसआई गुलाबसिंह भी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

भारतीय सेना
www.joinindianarmy.nic.in
66वां शॉर्ट सर्विस कमीशन (टेक्नीकल) महिलाएं (अप्रैल 2026)

विशेषताएं
(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए है और वैधानिक रूप से अवैध है)
(www.joinindianarmy.nic.in - पर प्रकाशित कोर्स अधिसूचना - उस कोर्स के लिए लागू केवल अधिकारिक विज्ञापन है)

| श्रेणी | वर्णन | अधिसूचना पैराग्राफ नं. |
|---|---|---|
| एंट्री का प्रकार | शॉर्ट सर्विस एंट्री (टेक्नीकल) (एसएससीडब्ल्यू (टी)-66) महिलाएं | पैरा 1 |
| आयु | 01 अप्रैल 2026 के अनुसार 20 और 27 वर्ष | पैरा 2 |
| जिनके लिए खुला | अविवाहित महिला | पैरा 1 |
| शैक्षणिक योग्यता | अधिसूचित संकाय में इंजीनियरिंग डिग्री | पैरा 3 |
| स्वीकार्य संकाय | सूचीकृत अनुसार | पैरा 3 |
| आवेदन कैसे करें | www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन करें | पैरा 11 |
| आवेदन विंडो | 16 जुलाई 2025 से 14 अगस्त 2025 | पैरा 15 |
| चिकित्सा मानदंड / परीक्षा | www.joinindianarmy.nic.in पर दिये अनुसार | पैरा 5 |
| चयन प्रक्रिया | आवेदन › शॉर्टलिस्टिंग › एसएसबी › चिकित्सा › मेरिट सूची › ज्वाइनिंग लेटर | पैरा 4 |
| शॉर्टलिस्टिंग के लिए अंकों के कट-ऑफ % के प्रकाशन हेतु तिथि | सितम्बर 2025 का प्रथम सप्ताह | - |
| एसएसबी हेतु संभावित अवधि और तिथियां | पांच दिन एसएसबी अक्तू. - दिस. 2025 के बीच (एसएसबी तिथियों के लिए च्वाइस सित. 2025 में दो सप्ताह के लिए खुलेगी) | - |
| पूर्व कमीशन ट्रेनिंग एकेडमी | ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी, गया, बिहार | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण की अवधि | अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक 49 सप्ताह | पैरा 7(बी) |
| प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेंड | रु. 56,100/- प्रति माह | पैरा 9 |
| प्रशिक्षण के पश्चात रैंक | लेफ्टिनेंट | पैरा 9(बी) |
| कमीशनिंग पर वेतन | सीटीसी लगभग 17-18 लाख प्रतिवर्ष (फ्री मेडिकल कवर और एक वर्ष में एक बार गृह नगर तक यात्रा को छोड़कर) | - |
| कमीशन का प्रकार | शॉर्ट सर्विस कमीशन | पैरा 6(ए) |
| न्यूनतम नियुक्ति अवधि | 10 वर्ष | पैरा 7(जी) |
| अधिकतम नियुक्ति अवधि | 14 वर्ष | पैरा 7(जी) |
| रिलीज हेतु विकल्प | प्रथम - 5 वर्ष के बाद, द्वितीय - 10 वर्ष के बाद और तृतीय - 14 वर्ष के बाद | पैरा 7(जी) |
| स्थाई कमीशन हेतु विकल्प | 10 वर्ष के बाद | पैरा 7(जी) |
| कमीशन हेतु प्राईमरी आर्म्स/सर्विस | कोर ऑफ इंजीनियर्स, कोर ऑफ सिग्नल्स और इलैक्ट्रोनिक्स एवं मैकेनिकल इंजीनियर्स। उम्मीदवार अन्य आर्म्स/सर्विस में भी कमीशन हासिल कर सकते हैं। | - |
| रिलीज लाभ | रिलीज पर सर्विस पर निर्भर करते हुए | - |

सीबीसी-10601/11/0022/2526

